<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

एफ.7 (14) परीक्षा 'क'/राज्य एवं अधी./2015–16/279 **दिनांक : 27.06.2017**

<u>विज्ञप्ति</u>

आरएएस (मुख्य) परीक्षा 2016 के दिनांक 25.06.2017 को घोषित परिणाम में उत्तीर्ण अभ्यर्थी निम्नांकित दिशा– निर्देशों की पालना करना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें :–

1. उक्त परीक्षा के वर्गवार रिक्त पदों का चार्ट आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। परिणाम में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **rpsc.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध लिंक पर जाकर <u>ऑनलाइन सेवा प्राथमिकता क्रम (No. of service priority) आवश्यक रूप से भरें</u>। **NGE** वर्ग के अभ्यर्थी राज्य सेवा एवं अधीनस्थ सेवा विभाग की प्राथमिकताओं के साथ–साथ **NGE** के सेवा विभाग की प्राथमिकताऐं आयोग के पोर्टल पर अलग से दिये गये लिंक से भरना सुनिश्चित करें।
2. अभ्यर्थी सेवा विभाग की प्राथमिकताओं को सबमिट करने से पूर्व भरी गई सेवा प्राथमिकताओं का ध्यानपूर्वक अवलोकन कर लें। सबमिट करने के उपरान्त कोई संशोधन स्वीकार्य नहीं होगा।
3. अभ्यर्थी पूर्ण रूप से भरे सेवा प्राथमिकताओं की प्रिन्ट प्रति अपने विस्तृत आवेदन पत्र के साथ अवश्य संलग्न करें।
4. सेवा विभाग की प्राथमिकताऐं केवल ऑनलाईन माध्यम से ही स्वीकार्य होंगी।
5. उक्त लिंक दिनांक **<u>29.06.2017</u>** से **<u>10.07.2017</u>** तक खुला है इसके पश्चात् कोई अवसर देय नहीं होगा।
6. उक्त परीक्षा परिणाम में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थी (DC, SP & EX को छोड़कर) आयोग की वेबसाइट से विस्तृत आवेदन पत्र डाउनलोड कर उसमें आवश्यक पूर्ति कर मय आवश्यक दस्तावेजों के साक्षात्कार के समय अपने साथ लावें।
7. केवल विभागीय कर्मचारी (DC), उत्कृष्ट खिलाड़ी (SP) एवं भूतपूर्व सैनिक (EX) अभ्यर्थी साक्षात्कार पूर्व दिनांक 20.07.2017 तक अपने विस्तृत आवेदन पत्र मय आवश्यक दस्तावेजों के आयोग कार्यालय में डाक द्वारा अथवा व्यक्तिशः आवश्यक रूप से जमा करा दें।
8. साक्षात्कार कार्यक्रम एवं तिथि से अभ्यर्थियों को यथासमय अवगत करा दिया जाएगा।

(गिरिराज सिंह कुशवाहा)
सचिव